19 अक्टूबर :- गोलमेज दिवस - यह लोगों के बीच भाईचारे का, संस्कृतियों की एकता एवं सामूहिक सुव्यवस्थित सहयोग का प्रतीक है। अक्तूबर 19, 2005 को, 10 वाँ विश्व नागरिकों का सम्मेलन शिक्षा के फ्रेमवर्क में एक अन्तर्राष्ट्रीय गोलमेज संस्कृतियों का एकत्व आयोजित किया गया।

डॉ. मैत्रेयी बर्द्धन रॉय एवं डॉ. सुबीर बर्द्धन रॉय, जो कोलकता, भारत के विकलांग बच्चों के पैतृक संगठन के अध्यक्ष व सदस्य हैं, अप्रैल 2 को अन्तर्राष्ट्रीय प्रेम दिवस के रूप में विश्व के अन्यथा (डिफरेन्ट्ली) सक्षम बच्चों की प्राथमिकता व अधिकार हेतु प्रस्तावित करते हैं।

जॉन मेक्कोनेल ने समन्वय कैलण्डर के लिए दो तिथियाँ प्रस्तावित की हैं: मार्च 21 को " धरती दिवस" के रूप में उन्होंने 1970 में घोषित किया तथा दूसरा अक्टूबर 4 को " आशा दिवस" के रूप में।

इगोर शादखान, जो रूस के सुविख्यात निर्माता है हमारे कैलण्डर केलिए मार्च 14 को दादी व दादा दिवस के रूप में तथा सु:खी व प्रसन्न अवकाश-सा प्रस्तवित करते हैं जो पीढ़ियों का संबंध व्यक्त करता है।

राबर्ट एवं बारबरा मुलर (http://www.goodmorningworld.org) ने " सुख-शान्ति (हैपीनेस) दिवस" प्रस्तावित किया। संभवत: भविष्य में अन्य प्रस्ताव भी आएँगे।

संयुक्त राष्ट्रों द्वारा स्वीकृत विश्व के अन्तर्राष्ट्रीय दिवस सहित प्रस्तावित तिथियाँ: महिलाएँ, स्वास्थ्य, ज्ञान, विज्ञान, कला, पर्यावरण इत्यादि युग में सुव्यवस्थित शान्ति की नयी संस्कृति के नए कैलण्डर के लिए आधार का निर्माण करते हैं।

जनवरी	01	:	धर्मों का स्वर्णिम नियम दिवस
जनवरी	10	:	बच्चों के लिए सूचना दिवस
जनवरी	12	:	न्याय और भूख व गरीबी उन्मूलन दिवस
मार्च	05	:	मनुष्य, राष्ट्र, धर्म व सभ्यताओं के लिए क्षमा दिवस
मार्च	14	:	दादी व दादा दिवस
मार्च	21	:	धरती दिवस
मार्च	22	:	सूर्य दिवस
अप्रैल	02	:	विश्व के अपहिज समर्थ (विकलांग) बाल प्रेम प्राथमिकता व अधिकार दिवस
मई	01	:	विश्वप्रेम दिवस

मई	15	:	चिरकालिक विवाद व संघर्ष से थके हुए लोगों के लिए समाधान दिवस
मई	31	:	विश्व बाल दयाशीलता दिवस
जून	01	:	सुरक्षा और बाल प्राथमिकता दिवस
जून	21	:	विश्व समवन्वय (सामंजस्य) दिवस
जून	24	:	वायु दिवस
जुलाई	10	:	स्वच्छ जल दिवस
जुलाई	22	:	पर्वत दिवस
जुलाई	30	:	शान्ति दिवस की नवीन संस्कृति
सितम्बर	03	:	ग्रहीय संस्कृति दिवस
अक्टूबर	04	:	आशा दिवस
अक्टूबर	17	:	विश्व नागरिक दिवस
अक्टूबर	19	:	गोलमेज दिवस
नवम्बर	11	:	युद्व विराम दिवस
नवम्बर	30	:	अन्तर्राष्ट्रीय विश्व बाल प्रतिज्ञा दिवस
दिसम्बर	10	:	अन्तर्राष्ट्रीय समान मान-मर्यादा, अधिकार और अवमान निवारण दिवस
दिसम्बर	15	:	अन्तर्राष्ट्रीय इस्पेरेन्टो व भाषाई मानवाधिकार दिवस
?	-	:	सुख - शान्ति दिवस?

+ विश्व अर्थ के अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों की स्वीकृति: www.UNmeditation.org

('विश्व' व 'अन्तर्राष्ट्रीय' शब्द उनके सरलीकरण के लिए कैलण्डर दिवस शीर्षकों (टाइटिलों) से निकालने पर अर्थ होता है परन्तु यह कार्य युवकों का है।)

हम प्रत्येक व्यक्ति को, विशेषत: बच्चे एवं युवकों को सुव्यवस्थित (हार्मोनियस) शान्ति के सांस्कृतिक कैलण्डर के अनुसार भाग लेने के लिए आमन्त्रित करते हैं ताकि नयी शाताब्दि एवं सहस्राब्दि के कैलण्डर में नया दिन प्रस्तुत कर सकें। यह समन्वय कैलण्डर जो बच्चों से स्थापित हुआ है ताकि यह विश्व सामाजिक समन्वय सुनिश्चित कर सके। समन्वय कैलण्डर विविध जातियों मानवजातियों एवं विश्व की सभ्यताओं के लिए सामान्य है। हमें जोड़ता है तथा हमें अलग करनेवाले युद्व कैलण्डरों व संस्कृतियों के विकल्प प्रस्तावित करता है समन्वय कैलण्डर आगमी पीढ़ियों को इस आशा से हस्तांतरित करना (सौंपना) हमारा कर्त्तव्य है कि यह कभी भविष्य में युद्व व शत्रता कैलण्डरों द्वारा बिना अलग किए, अपने विकास एवं उत्सव में एक कर रखें।

हम अपना संबोधन हस्ताक्षरों के लिए खुला रखते हैं तथा सदस्य (अपने परिवर्धनों (एडीशन्स) एवं विनिर्देशों (स्पेसीफिकेशन्स सहित) सहित। एक तरफ बच्चों, युवाजनों व अगामी पीढ़ियों की इस जिम्मेदारी को मान्यता दे सके तथा दूसरी तरफ बच्चों एवं युवजनों द्वारा जो युद्व के बदले समन्वय द्वारा शान्ति की आकांक्षा कर सके।

हमारा सम्बोधन (भाषण) यू.एन, (UN) युनेस्को (UNESCO), युनीसेफ (UNICEF) तथा अन्य अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों के लिए भी खुला (मुक्त - ओपन) है जिन्हें निर्देशित किया जाएगा। हमारी शान्ति पहल में हम उनके समर्थन की आशा करते हैं जो हमारे सुव्यवस्थित (हार्मोनियस) युग कैलण्डर में जोड़नेवाली मूल्यों का पता लगाने में उनकी सहायता करेंगे।

9 मई, 2006

4. सामाजिक समन्वय का अनेकत्व, शान्ति संस्कृति एवं उसका कैलण्डर एवं उन्हें निष्पादित (उपलब्ध) करने के उपाय

जॉन मैक्कोनेल

धरती दिवस का इक्योनवे (91) वर्षीय संस्थापक

भविष्य के लिए आशा

क्या धरती ग्रह पर जीवन के भविष्य के लिए कोई आशा है?

"आशा का नक्षत्र"

धरती ग्रह के लिए यदि हम आसमान पर आशा के प्रतीक के रूप में एक चमकते "सितारे" (नक्षत्र) का आरम्भ कर सकें तो बढ़िया (महत्वपूर्ण) रहेगा।

जब भगवान के अस्तित्व एवं हमारी मृत्यु के उपरान्तवाली स्थिति से सम्बन्धित बहुत ही कठिन प्रश्न उठेगा तब हम "अमोघनीय रहस्य" के शिकार बन जाएँगे। मेरे पास तो जवाब नहीं है। मैं देख रहा हूँ कि ईमानदार प्रेम (सृजनात्मक परोपकारिता) लोगों एवं ग्रह को लाभ पहुँचाता हैं एवं मानव साहस कार्यों से आगामी पीढ़ियाँ के लिए मार्ग दर्शक होंगे। आखिर "जीवन का अर्थ क्या है"?

यह मेरे लिए बहुत ही रहस्य का विषय है कि बुश एवं अन्य पश्चिमी नेता यह कैसे कहेंगे कि उन्होंने किस प्रकार ईसा मसीह (Christ) के प्रेम का प्रयोग किया एवं अपने शत्रुओं को कंकालों में बदलनेवाले शैतानी हथियारों एवं फौजी कार्यक्रमों के लिए अरबों डालर्स खर्च करते हुए यह कहते हैं कि वे परिवर्तित हो गये जबकि पुराने जमाने में महान ईसाई नेताओं ने शत्रुओं को अपने मित्र बनाने का प्रयोज दिये।

प्रेम व विश्वस के साथ संघर्ष का अहिंसापूर्ण संकल्प (समाधान) हो सकता है। इतिहास इसका प्रमाण है, साक्षी है। मैंने अपने जीवन में तथा व्यवहारों में इसे सच साबित किया है।

4 अक्टूबर विश्व (सार्वत्रिक) अवसर

भूमि ग्रह पर शान्तिपूर्वक प्रगति के लिए सर्वोत्तम मार्ग

1957 में, मैंने अपनी साप्ताहिकी नार्थ केरोलीना 'टो वेली व्यू' (Toe Valley View) समाचार पत्र में एक सम्पादकीय के लिए विश्व का ध्यान अकर्षित किया। उसमें यह अनुरोध किया गया था कि हम एक ऐसा उपग्रह प्रारम्भ करेंगे तबि हर रात उज्जवल प्रकाश से समस्त मनुष्य जाति को आशा के एक उज्जवल नक्षत्र की तरह दिखाई पडेगा।

प्रथम उपग्रह स्पुतनिक (Sputnik) का 4 अक्टूबर को, यानी अभी-अभी प्रारंभ हुआ। किसी भी माध्यम (मीडिया) को इस बात पर ध्यान देते नहीं पाया गया कि यह "सेंट फ्रान्सिस का प्रीतिभोज दिवस" था। और वह भी ईश्वर रहित यू.एस.एस.आर. द्वारा! (जिस व्यक्ति ने इस तारीख को चुना, वह अवश्य कोई गुप्त ईसाई होगा।)

मेरा अपना अध्ययन एवं प्रार्थना इस दृढ़धारण तक पहुँचा कि हमें एक ऐसी सामान्य प्रयोजन की अवश्यकता है जो सब प्रकार के मनुष्य को अपील करेगा और उस पर ध्यान आकृष्ट करने का मार्ग दिखाएगा। हमें कुछ ऐसा चाहिए जो इतिहास के युद्व व अन्याय का भयंकर रिकार्ड समाप्त कर दे।

जब हमने अंतरिक्ष की खोज में धरती को खोज लिया। अब हम ने यह जान लिया कि हम सब एक परिवार के हैं और एक ही धरती है।

परन्तु हमारी युद्व का व्यसन एवं हमारी लालच ने धरती ग्रह एवं उसकी प्रजा को लगभग पूर्णत: नाश कर दिया। यदि हम मानव साहस-कर्म (एड्वेन्चर) कायम रखना चाहें तो ठीक उसी समय "हमें अवश्य बदलना है", पर ध्यान देना पडता है।

4 अक्तूबर समाधान

शान्ति के लिए सेंट फ्रान्सीस की प्रार्थना

हे ईश्वर! मुझे अपनी शान्ति का साधन बनाओ।

जहाँ ईर्ष्या-द्वेष हो वहाँ प्रेम बोने दो।

जहाँ छोंट हो - वहाँ हो क्षमा।

जहाँ शंका हो - वहाँ हो विश्वास।

जहाँ निराशा हो - वहाँ हो आशा।

जहाँ अंधकार हो - वहाँ हो प्रकाश।

जहाँ दु:ख हो - वहाँ हो आनंद।

मुझे ऐसा वर दो कि

सान्त्वना पाने की जगह

मैं दूसरों को सान्त्वना दूँ।

समझे जाने की जगह

मैं दूसरों को ही समझ पाऊँ।

प्यार किए जाने की जगह

दूसरों से प्यार करूँ।

प्राप्त करने में जो नहीं

वह दूसरों को देने में है।

क्षमा प्राप्त करने से ज्यादा

दूसरों को क्षमा करने में है।

तथा महानता मृत्यु में है

क्योकि हम शाश्वत जीवन हेतु पैदा हुए हैं।

सेंट फ्रान्सिस की यह प्रार्थना प्रत्येक जाति एवं संस्कृति के लोगों को अच्छी लगती है। 4 अक्तूबर 2007 के दिन आशा उपग्रह नक्षत्र प्रारंभ करने के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की योजना अभी बनानी होगी। अंतरिक्ष में यह हमारी 50 वी वर्षगाँठ होगी। सेंट फ्रेन्सीस ने जो विश्वशान्ति दी उस प्राप्त करने का अद्‌भुत मार्ग यही है एवं यह विश्व का ध्यान आकर्षित कर सकती है। www. earthsite.org

रूडोल्फ सीबर्ट
स्वर्णिम नियम

आधुनिकता से आधुनिकोत्तर को बदलने वाले वर्तमान संक्रमण काल में पहले ही धार्मिक एवं धर्मनिरपेक्ष, प्रकटन एवं स्वायत्त कारण, विश्वास एवं ज्ञान के बीच मुक्त द्‌वन्द्‌वात्मक (डायलेक्टिक) धार्मिक एवं धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति, विकास एवं प्रबुद्‌धों के बीच सहयोग को परियोजना विश्व लोकाचार (स्वभाव) के विषय में संभव कर सकेगा। यह स्वर्णिम नियम में केन्द्रित होता है जो सामान्यत: चीनी धर्म, हिन्दू धर्म, जैन धर्म, बौद्‌ध धर्म, जेविश (Judaism), ईसाई धर्म एवं इस्लाम तथा अन्य विश्व धर्मों में विद्यमान है। स्वर्णिम नियम (गोल्डन रूल) न केवल सम्पूर्ण हिब्रू नियम व नबियों को (पैगम्बरों को) भी को गले से लगा लेता है, बल्कि नवविधान एवं कुरान को भी आलिंगन करता है। साथ अनेक प्रबुद्‌ध व्यक्तियों एवं मानव वादियों को, स्वर्णिम नियम को विश्व लोकाचार (प्रकृति) के आधार पर स्वीकृत करने में कोई समस्या नहीं।

स्वर्णिम नियम अपने चीनी रूप में बताता है:

तुम दूसरों के साथ ऐसा व्यवहार नहीं करो जो तुम अपने साथ उनके द्‌वारा होगा नहीं

हिन्दू रूपमें स्वर्णिम नियम कहता हैं :

कर्तव्य का सार यह हैं: तुम्हें जो दु:ख होता है वैसा दूसरों के साथ नहीं करो।

स्वर्णिम नियम अपने बौद्ध रूप में सिखाता है:

जो भी दशा (अवस्था) मेरे लिए सुखद या आनंदप्रद नहीं, वह उसे भी ठीक वैसा ही रहता है। मेरे लिए जो सुखद या आनंदप्रद नहीं है उसे मैं दूसरों को कैसे दूँगा?

जैन धर्म का स्वर्णिम नियम कहता है:

जो भी व्यवहार अपने साथ जो होना चाहता है, वही व्यवहार सभी प्राणियों के साथ करें।

अपने जेवीश रूप में स्वर्णिम नियम कहता है:

तुम दूसरों के साथ वैसा न करो जो उनसे तुम नहीं चाहते हो।

अपने ईसाई रूप में स्वर्णिम नियम सिखाता है:

दूसरों के साथ तुम हर व्यवहार (काम) वैसा करो जैसा तुम उनसे चाहते हो।

अपने इस्लाम रुप में स्वर्णिम नियम यों बताता है:

कोई तब तक विश्वासी नहीं बनता जब तक वह अपने भाई के लिए भी वही चाहता है जो वह स्वयं अपने लिए चाहता है।

यदि विश्व वैकल्पिक भविष्य -111 (Future 111) प्राप्त करना हो तो, स्वर्णिम नियम के इस मूलभूत सिद्धांत के आधार पर चार नीतिपरक निदेश, जो सभी मानवजाति के महान विश्वधर्मों में पाये जाते हैं, उन्हें याद करना चाहिए:

1) तुम्हें हत्या, उत्पीड़न, यातना, चोट इनमें से किसीको भी नहीं अपनाना है। विचार कभी भी तो सकारात्मक रूप में होना चाहिए : और जीवन के प्रति आदर होना चाहिए। मृत्यु की अपेक्षा तुम्हें जीवन व प्रेम संस्कृति के प्रति वचनबद्ध होना चाहिए।

2) तुम्हें असत्य, धोखा, जालसाजी, एवं चालबाजी नहीं करनी चाहिए। इस निदेश का सकरात्मक अर्थ है: तुम्हें सत्य बोलना चाहिए एवं सत्यनिष्ठ रहना चाहिए। तुम्हें सत्यनिष्ठा एवं सहिष्णुता की संस्कृति के प्रति वचनबद्ध होना चाहिए।

3) चोरी, शोषण, लूट, रिश्वत, एवं भ्रष्टाचार को नहीं अपनाना चाहिए। इस निदेश का सकारात्मक अर्थ है: तुम्हें ईमानदारी एवं न्यायपूर्वक व्यवहार करना चाहिए। तुम्हें न्याय की संस्कृति के प्रति वचनबद्ध होना चाहिए।

4) लैंगिकता, कपट, अपमान, अनादर से किसी को अपशब्द नहीं कहना (गाली देना) चाहिए। इस निदेश का सकारात्मक अर्थ है: तुम्हें आपस में आदर व प्रेम के साथ रहना चाहिए। तुम्हें हिस्सेदारी एवं पुरूष व महिला के समान मान-मर्यादा की संस्कृति के प्रति वचनबद्ध होना चाहिए।

रीमोन बाचिका
शान्ति कैलण्डर का मूलाधार

लियो सिमाश्को ने बहुत ही सशक्त ढंग से तथा विश्वासोत्पादक तरीके से आगामी पीढ़ियों के लिए शान्तिमय संस्कृति एवं सामाजिक समन्वय बढ़ाने वाले कैलण्डर के विचार को विशिष्टता दी। हाँ, हम वरिष्ठ व्यक्तियों ने 20 वीं सदी के उपद्रवों व अत्याचारों का सामना किया तथा या तो जान गवाँया या मरने को मजबूर हो गये। एक अनुमान (आकलन) के अनुसार विश्वभर में 187 करोड़ (मिलियन) लाख इस प्रकार हो गये। *(हॉबस्बाम, ई. एन एज ऑफ एकस्ट्रीम्स: द शार्ट हिस्टरी ऑफ द ट्वन्टीएथ सेन्चुरी 1914–1994. लण्डन: पेंग्वीन बुक्स, 1994)* सह मनुष्यों द्वारा जो दु:ख, विपत्ति, एवं वेदना प्राप्त हुई, वे अवश्य जबरदस्त, डरावना, व अवर्णनीय रही होंगी। क्या यह मनुष्य जाति कभी सीखेगी? यदि मनुष्य के इस पागलपन को उलटा (रिवर्स) करना हो तो बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। कल के अधिकारी बनने वाले आज के युवकों को अपील करते हुए, "शान्ति कैलण्डर अपनाने का" जो काम है, उसे "बहुत ही आवश्यक समुचित कदम" ही कहना पडेगा। परवर्ती के सम्बन्ध में हम इतना कहेंगे : "हम वही जो हम आयोजित करते हैं"। (व्ही आर व्हाट व्ही सिलब्रेट) (अमिताई एट्जोनी एवं जारेद ब्लूम: द्वारा सम्पादित पुस्तक का नाम, उपशीर्षक है अवकाश –दिन एवं धार्मिक अनुष्ठानों को समझ लेना – पेपर बैक दिसंबर 2004।

जो मूलाधार है, वह मेरे लिए स्वयंसिध्द हो, मैं इसे मूल्यों एवं प्रतीकार्थ के रूप में सैद्धान्तिक तौर पर सूत्रबद्ध करना चाहूँगा। ये दोनों संस्कृति के क्रोड़ (कोर) लक्षण है तथा दूसरे ढंग से हृदय व मन के चेतन अचेतन लालसाएँ है, मनोभावों एवं बुद्धि के उत्प्रेरक हैं।

मूल्य वही हैं जिन्हें लोग पाना चाहते हैं जो विविध मार्गों द्वारा उन्हें संतुष्ट करते हैं। उन में से कुछ हैं: आर्थिक सुरक्षा, शारीरिक स्वास्थ्य, सौंदर्य एवं आनंद सामाजिक मान-मर्यादा, वैयक्तिक सम्पूर्णता, आजादी की भावना, स्नेह एवं प्रेम। पैसे का एक ऐसे मूल्य के रूप में अनुभव होता है कि उसे दूसरे मूल्यों के रूप में बदला जा सकता है। अत: उसका असीम आकर्षण है सभी आधारभूत मूल्य, अन्य मूल मानवीय संतोषों (तुष्टियों) की तरह अपरिवर्त्य (इनकन्वर्टबिल) हैं। दूसरे शब्दों में, हर एक मूल्य निर्दिष्ट तुष्टि के लिए माँगा जाता है। प्रत्येक मनुष्य विविध समयों में विविध मूल्यों की अपेक्षा करता है। अत: हमारे अपने भीतर भी यह प्रमाणित होता है हम जो चाहते हैं उसे संगत (समस्वर) कर लेना कठिन है। फिर सामूहिकता एवं मानवता ही के मूल्यों को संगत (समस्वर हार्मोनिईज करना) करना कितना ज्यादा कठिन है?

प्रतीक (प्रतीकात्मक अभिव्यक्तियाँ) जो होंगे वे मूल्यवान वस्तु के ठोस (मूर्त) बिंब (इमेजस) हैं। प्रतीक तुष्टि (संतोष) को घोषित (विज्ञापित) करते हैं। राष्ट्रध्वज एवं मानवजातीय संस्कृति – धार्मिक हो या मानव जातीय परिधान (पोशाक), चादर (घूँघट) दाढ़ियाँ, मुंडे हुए सिर, इत्यादि मानव जाति के समुदायों या अन्य समूहों से सम्बन्धित हैं। ये सम्पत्तियों एवं सामान्य बंधनों की सुरक्षा का सुझाव देते हैं। धार्मिक अनुष्ठान, विवाह, उत्सव, ओलम्पिक का प्रारंभिक उत्सव, विश्व सॉकर खेल इत्यादि मूल्यों के ही समारोह हैं। फैशन शो शारीरिक लालित्य एवं सुन्दरता को विज्ञापित करते हैं।

मूल्य एवं प्रतीकात्मकता के परिप्रेक्ष से देखने पर यह ज्ञात होता है कि धर्म–विश्व शान्ति एवं महान सामाजिक समन्वय (हार्मोनी) की ओर ले जाने वाले मूल्यों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सामान्य धार्मिक मूल्य भले ही सरलता से नहीं अपनाये जाते, लेकिन संभव है क्योंकि मानव सुख–शान्ति के संसाधन विश्वव्यापी (सार्वत्रिक) हैं तथा संख्या में सीमित। प्रतीक का सम्मान करते हुए, धर्म स्वयं को एक द्वैत स्थिति में पाते हैं। निराली भक्तमंडलियों (सभाओं) को यथावत् रखने के लिए, धर्मों को अपने विशेष (सुस्पष्ट) प्रतीक, अनुष्ठान एवं समारोहों को बढ़ाना एवं बनाए रखना आवश्यक है। इस संबंध में एकता चाहना मूर्खता है। धार्मिक विविधता मानव संस्कृति की सम्पन्नता का प्रतिनिधित्व करती है। तो भी एकता का अनुभव करने के लिए यदि धर्म कुछ सामान्य प्रथाएँ (कस्टम्स) अपनाएँ तो वे बड़ी सहायक सिद्ध होंगी। उदारहण के तौर पर एक सामान्य कैलण्डर विषय (इवेन्ट) जैसा कि एक विश्व स्वर्णिम नियम दिवस, या एक विश्व शान्ति दिवस या एक विश्व धार्मिक कृतज्ञता ज्ञापन (आभार प्रदर्शन) दिवस इत्यादि। इसका तो बृहत महत्व है। यह समान्य मूल्य एवं सामान्य विश्वास बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है। जब एक बार सैकड़ों करोड़ों – मनुष्यों के विश्वास की शक्ति, शान्ति एवं मानव समन्वय (मैत्री) की तरफ निर्देशित होता है तब यह विश्व बदलेगा। (और विस्तार के लिए कृपया रिमोन बाचिका का "धार्मिक क्षेत्र में समन्वय की ओर: प्रतीक एवं मूल्यों पर केन्द्रीकरण" देखें।) (http:// www.peacefromharmony.spb.ru/?cat=en_c&key=24)

हेराल्ड बेकर
प्रेम व समन्वय (हार्मोनी)

जब हम अपने ही मन के भीतर हर क्षण रहने वाली बिना शर्त की प्रेमशक्ति से परिचित हो जाएँगे, तब हमारी जीवन–यात्रा की दिशा बदल जाएगी। समुचित सम्पत्ति से प्राप्त होने वाली मानसिक शान्ति, प्राकृतिक सामंजस्य (समन्वय) हेतु यह बोध एक नयी निकटता (एप्रोच)प्रारंभ करेगा। अर्थात जैसे ही हम इस असीमित प्रेम को बडी ईमानदारी से व्यक्त करना प्रारम्भ करेंगे तब वह समाज के ढाँचे को पूर्णत: बदल देता है। जैसे जैसे हम जीवन में आगे बढ़ते रहेंगे, और एक दूसरे से मिलते रहेंगे इस शक्ति द्वारा हर वस्तु एवं हर मनुष्य उल्लेखनीय ढंग से प्रभावित हो जाएगा।

प्रेम की चेतना द्वारा सभी वस्तुएँ नवीनता प्राप्त करेंगी तथा हमें पूर्णता प्रदान करेंगी। प्रेम भाव में यह एक ऐसी बुद्धिमानी (प्रज्ञा) (विज़डम) है जो विभाजित विश्व के विचारों व परिप्रेक्ष्य के बीच की दूरी दूर करके सेतु निर्माण करती है तथा समस्त वस्तुओं से हमारा संबंध पूर्ववत् बनती है। अधिक समुचित एवं बिना किसी शर्त के, जो जहाँ पहले नहीं था एवं शायद असंभव भी प्रतीत होता था वहाँ प्रेम अन्तर्लीन होकर और अधिक गहराई से उत्पन्न होता है।

जब हम अपने बारे में जानना चाहते हैं तो ये प्रश्न सामने आते हैं कि हम कौन हैं, क्या और क्यों करते है तथा क्या प्रतिक्रया व्यक्त करते हैं। दु:ख का प्रतिबिंब दु:ख होगा उनकी वेदना हमारी वेदना होगी एवं दूसरों का क्रोध हमारा क्रोध बन जाएगा। इसी को हम प्रकृति के चेहरे में भी देख सकते हैं। उसका विनाश हमारा विनाश है एवं उसका सौन्दर्य हमारा सौंदर्य। उसी प्रकार हम अपनी संभाव्यता को अपने बच्चों में और आनंद को भी उन में दर्शन करते हैं। यह **बेतरतीब** अभिव्यक्ति हमारे विचारों की अभिव्यक्ति है जो मूर्तरूप धारण करना चाहती है। यह हमारा निरन्तर अनुस्मारक है कि प्रेम उत्तर है और प्रश्न भी। यदि हमें दूसरों में प्रेम देखना हो तो पहले प्रेमभाव हमारे मन में होना और अवगत करना है। जब हम उसे बाहर प्रकटित करना चाहते हैं तब इस वर्तमान स्थिति में हमें एक नई वास्तविकता निर्मित करते है। जब हम भय की तुलना में प्रेम को, द्वेष की जगह दया को, अलगाव के बदले एकता को, युध्द स्थान में शान्ति को चुनेंगे तब हम मनुष्य जाति के लिए एक नया प्रतिबिंब– यानी ... "अपने से प्रेम" लाएँगे।

लियो सेमाश्को

टेट्रासोशियोलॉजी : सूचनात्मक समाज का सुव्यवस्थित युग के लिए सामाजिक दर्शन

प्रत्येक सभ्यता का हर समाज अपने इतिहास में कुछ महत्वपूर्ण घटनाओं को मनाने के लिए कुछ विशिष्ट कैलण्डर दिनों को अंकित करता है।

कैलण्डर सांस्कृतिक मूल्यों का हर दिन स्मरण दिलाते रहते हैं। पश्चिमी सभ्यता में, औद्योगिक समाज युग जो 17वीं सदी में प्रारंभ हुआ वह 20वीं सदी के मध्य तक रिस्क सोसईटीस (अलरिच बेक, 1992) में विस्तरित हुआ। ये कैलण्डर दिन आजादी मनाने के लिए कैलण्डर दिन अंकित किए गये जो सभी पैमाने पर राष्ट्रीय मुक्ति क्रान्ति एवं युद्धों द्वारा–यानी स्थानीय, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय एवं विश्व युद्धों–द्वारा प्राप्त हुई। इन कैलण्डरों ने सशस्त्र संघर्ष द्वारा प्राप्त आजादी की संस्कृतियों को मनाया है। लगभग वर्ष में युद्ध के कारण का प्रत्येक दिन जीत या हार की घटना से अंकित हैं। लगभग प्रत्येक दिन क्रान्ति, मुक्ति, स्वतन्त्रता, जीत एवं स्थल, वायु व जल सेना के विविध युद्धों को प्रस्तुत करता है। हर घटना एक समुचित फौजी परेड से याद की जाती है।

औद्योगिक खतरा (रिस्क) संघ (आई–आर–संघ) युद्ध में लिप्त हैं या युद्ध की तैयारी में। अत: उनके कैलण्डर फौजी महत्ता की घटनाएँ रिकार्ड करते हैं। एतद्वारा शान्ति की अपेक्षा युद्ध संस्कृति बनी रहती है। इसका मूलाधार है "यदि तुम शान्ति चाहते हो तो युद्ध के लिए तैयार हो जाओ।" सई, विस, पेसिम, पेरा बेल्लम (Si vis pacem, para bellum) आजादी की संस्कृति युद्ध , आतंक, हिंसा एवं अपमान के रूप में बदल गई है। पश्चिमी सभ्यता के आई आर संघों पर फौजी तैयारी के व्यय युद्ध सामग्री का संचयन, फौजी प्रबन्धन के खतरों द्वारा, परमाणु विनाश के खतरे सहित तथा मूर्खतापूर्ण फौजी युद्धों में नाश होनेवाले बेगुनाह जवानों की बढ़ती संख्या में मरने का खतरा निरन्तर बढ़ता जाता है।

20वीं सदी के उत्तरार्ध के दौरान, आई आर संघों की संस्कृति के भीतर एक विश्व सूचना संघ विलीन होने लगा जो अग्रवर्ती दशा में सुव्यवस्थित हो सकता है। सुव्यवस्थित सूचना संघ ने (हाई–संघ) अपनी विनाशात्मक प्रवृत्तियों द्वारा समन्वय पर नया जोर देते हुए आई आर संघों की स्वेच्छाओं एवं प्रौद्योगिकी उपलब्धियों को ढूँढ़ते हुए सूचना एवं स्थायी (चिर) शान्ति को बाँट लिया। यह नयी–संस्कृति अगली संस्कृतियों की सर्वोत्तम विशेषताओं पर धीरे–धीरे निर्मित होती है तथा समाजिक समन्वय का नया आर्डर बनानेवाले नयी सामाजिक प्राथमिकताओं व मूल्यों का परिचय देते हुए क्रमश: विविध सभ्यताओं की यानी पूर्व व पश्चिम, उत्तर या दक्षिण) उपलब्धियों को संश्लेषित करती है। यह आर्डर (क्रम) एक ऐसा आर्डर (क्रम) हैं जो पहले समन्वित एवं संवादात्मक था, वह एक विविधता/भिन्नता की सन्तुलित एकता का प्रतिनिधित्व करती है। (क्रेग कैल्होन द्वारा उनकी पुस्तक "आलोचनात्मक (क्रिटिकल) सामाजिक सिद्धांत" 2003 में एक सांस्कृतिक भिन्नता एवं उसका ऐतिहासिक अर्थ अन्वेषित किया गया है।) बच्चों की प्राथमिकता के आधार पर ऐसा आर्डर एक समन्वयात्मक शान्ति/आर्डर का समरूप है जिसे सामाजिक समूहों एवं मानवजातियों के कायम रखने योग्य बनाते है। किसी हाई सोसाईटी के लिए बच्चे तथा उसका शान्तिमय, एकीकृत आर्डर (क्रम) भी प्रधान आधार के रूप में रहते हैं।

विविध मानवजातियों एवं सभ्यताओं का सुव्यवस्थित क्रम (आर्डर) प्राचीनतम एवं अतिव्याप्त को साकार रूप देता है एवं इस कारण समस्त संस्कृतियों के लिए अत्यन्त प्राकृतिक मूल्य है – समन्वय (हार्मोनी)। समस्त सभ्यताओं में सामाजिक समन्वय का विचार विकसित हुआ परन्तु प्रथमत: कन्फयूसियनिज़्म (Confucianisim) एवं बुद्ज्मि (Buddhism) में हुआ। साथ दक्षिण अफ्रीकी वासियों, भारतीयों तथा अन्यों में भी हुआ। प्रोफेसर रिचर्ड् नीसबेट् का (2005) उपसंहार कि "समन्वय पूर्वी एशियाई दर्शन में केन्द्रीय विचार" है को पूर्व एवं दक्षिण की मूलभूत संस्कृतियों को आरोपित किया जा सकता है। वह होमर की कविताओं में पश्चिमी सोच में तथा पईथागरोस, प्लेटो, अरीस्टोटिल की विचार धाराओं में व पुनर्जागरण एवं लीबनीट्ज (Leibnitz) के युगों में भी प्रकट हुआ। फिर भी, समन्वय नहीं था परन्तु यूरोप एवं अमेरिका के तेजी से विकसित होने वाले औद्योगिक संघों–(सोसाईटीज) के लिए आजादी एक प्राथमिक मूल्य बन गयी। लेकिन समन्वय विचार आज भी पश्चिमी सभ्यता में जीवित है। अत: सभी सभ्यताओं के सामान्य (परन्तु एक विभिन्न मात्रा में) मूल्य के रूप में एक सूचना युग में सामाजिक समन्वय युग को आधार प्रदान करता है। इस युग के लिए कैलण्डर ने विश्व समन्वय दिवस पर विशेष कैलण्डर में – शान्ति, प्रेम, न्याय, धमों का स्वर्णिम नियम, क्षमा, आजादी, समानता, भाईचारा, सुख–सन्तोष एवं अन्य, प्रधानत: आगामी पीढ़ियों, युवजनों एवं बच्चों के लिए महत्वपूर्ण अविच्छेद्य मूल्यों के लिए, स्थान हम देखते हैं।

अतीत के संघों (सोसईटीज) में सुव्यवस्थित संस्कृतियाँ समाजिक समर्थन (सोशल एक्टर्स) प्राप्त नहीं कर सकीं। अत: वे लगभग सभी सभ्यताओं में अधिक (पश्चिम में) या कम (पूर्व में) न्यूनतम भी। केवल हाई सोसईटीज में संस्कृति तथा सामाजिक समन्वय क्रम को (आर्डर) विस्तृत एवं सहज – सामाजिक समर्थन (सपोर्ट) मिलता है जिसमें मैंने आबादी के चार क्षेत्रों के रूप में सामाजिक पुनरुत्पादन के चार क्षेत्रों में नियोजित की थी जो (क्षेत्र व क्षेत्र वर्ग) सामाजिक क्रम (आर्डर) पुनरत्पादित करते हैं। वे विविधता के सुव्यवस्थित (हार्मोनियस) आर्डर का समर्थन करते हैं। इन समन्वयात्मक वर्गों (क्लासेस) के आधार पर, समस्त सभ्यताओं के हाई–सोसईटीज एक समन्वय संस्कृति प्राथमिक बन जाती एवं बच्चों को प्राथमिकता देते हुए सुव्यवस्थित विश्व सामाजिक आदेश उत्पन्न करती है। इस सुव्यवस्थित सामाजिक ढांचे में क्षेत्र वर्गों की प्रकृति की टेट्रासोशियोलाजिकल सिद्धांत में सोदाहरण व्याख्या की गयी जो प्रधानत: समन्वय को पूर्वी मूल्य विचार को एवं प्रबल रूप से सामाजिक क्षेत्रों के पश्चिमी ढ़ांचा विचार से एकीकृत (मिलाते) करते हैं। आखिरी संकल्पना को हमारे समय के अनेक सिद्धांतों में प्रवर्तित किया गया है। ए. गिड्डिेन्स (1990), एल. स्कलार (1991), आर. रॉबर्टसन (1992) प्रत्येक तीनों सामाजिक क्षेत्रों का वर्णन करते हैं। यु. बेक (1998) एवं जि टेर्नबार्न (2002) चार क्षेत्रों (स्फिएर्स) का वर्णन करते हैं। ए अप्पादुरई (1996) पाँच क्षेत्रों का वर्णन करते हैं क्षेत्रों व क्षेत्र वर्गो की विस्तृत चर्चा के लिए कृपया हमारा वेब साईट–http://www.peacefromharmony.org/docs/2-1_eng.pdf. पर "टेट्रासोशियोलॉजी : चुनौतियों के उत्तर"' 2002 देखें।

स्वामित्व एवं धन–सम्पत्ति द्वारा परिभाषित वर्गों के धर्माधिकार तन्त्र के बदले (उच्च, मध्यम एवं श्रमिकवर्ग) के समन्वय को स्थापित करके, ऐसे बच्चों व युवजन समूह को जिसके पास, हाई सोसाईटी में महानतम सूचना आवश्यकताएँ दक्षताएँ एवं अन्तश्शक्ति हैं – एक बजटीय प्राथमिकता सौंपती है। बच्चों की गुणवत्ता हाई सोसाईटी की गुणवत्ता को परिभाषित करती है या दूसरे शब्दों में उसकी सामाजिक गुणवत्ता बच्चों पर निर्भर रहती है। समन्वय की नवीन संस्कृति में जिसे "क्षेत्र संस्कृति" भी कहा जा सकता है, प्राथमिकता उद्योग पर नहीं बल्कि सामाजिक क्षेत्र पर रखी जाती है जिसका बचपन संबधी उपक्षेत्र एक केन्द्रीय भाग है। नवीन सुव्यवस्थित आर्डर में प्राथमिकता फौजी–आर्थिक काम्प्लेक्स (सम्मिश्र) की आर्थिक शाखाओं पर नहीं बल्कि शैक्षिक स्वास्थ्य कॉम्प्लेक्स की सामाजिक शाखाओं पर है। बच्चों की प्राथामिकता पर और अधिक चर्चा के लिए कृपया http://www.peacefromharmony.org/docs/2-4_eng.pdf. देखे।

यह समन्वय संस्कृति क्षेत्र वर्गों में (स्फियर क्लासेस) लोकतान्त्रिक शक्ति के एक नये बँटवारे को बढ़ावा देता है। इस लोकतन्त्र में या "क्षेत्र लोकतांत्रिक" में http://www.peacefromharmony.org/?cat=en_c&key=13, समस्त आबादी समूह लोकतन्त्रिक चुनावों में समुचित प्रवेश प्राप्त करते हैं। समन्वय संस्कृति, माता-पिता द्वारा प्रयोग किए गये मताधिकार बच्चों को देती है जो माता-पिता, दादा-दादी, शिक्षक, डाक्टर्स, काउन्सिलर्स एवं अन्य के अरगिवर्स से निकट से समूहों द्वारा "बच्चों की प्राथमिकता" के लिए समर्थन का शक्तिशाली आधार उत्पन्न करती है। ये समूह बच्चों के साथ मिलकर किसी भी दिए गये देश की आजादी 50% से 80% तक समाविष्ट रहते हैं। इस प्रकार समन्वय की संस्कृति बच्चों, युवजनों एवं आने वाली पीढ़ियों की रक्षा करने के लिए, शान्ति एवं अहिंसा पर केन्द्रित करते हुए एक शक्तिशाली आधार उत्पन्न करती है। सांस्कृतिक रुप से भिन्न होने वाले समूहों में धार्मिक, मानव जातीय एवं जातीय संघर्षों को बदलने में बच्चों की प्राथमिकता भी सहायता करती है। समन्वय संस्कृति की ये शक्तियाँ, जब बच्चों के लिए उत्तम जीवन बनाने पर केन्द्रित हुए तब गरीबी की स्थायी बनानेवाली शर्तों के लिए आर्थिक औचित्यों को महत्वपूर्ण बनाती हैं। क्षेत्र (स्फियर) वर्गों एवं बच्चों की प्राथमिकता के आधार पर समन्वय, की एक संस्कृति, एक समन्वय एक सामाजिक आर्डर के लिए आवश्यक पूर्वापेक्षाएँ उत्पन्न करती है जो टेट्रासोशियोलॉजी में अपनी सैद्धांतिक स्पष्टीकरण यानी एक उत्तर-अनेकावादी (पोस्ट-प्लुरालिस्टिक) सामाजिक दर्शन-देखते हैं। (उत्तर-अनेकत्व-पोस्ट प्लुरालिज्म) विरोध तो नहीं करता प्रत्युत अनेकत्व के दर्शनशास्त्र (तत्वज्ञान) फिलॉसफी-ऑफ प्लुरालीज्म) को सुदृढ़ एवं विकसित करता है। संस्कृति की सृजनात्मक प्रकृति को जेफ्फरी अलेक्ज़ांडर ने अपनी पुस्तक "सामाजिक जीवन का अर्थ: एक सांस्कृतिक समाजशास्त्र" (2003) में प्रारंभ किया है।

इस प्रकार, टेट्रासोशियोलॉजी (Tetrasociology) के अनुसार बच्चों पर एक प्राथमिकता रखना समग्र सामाजिक समन्वय प्राप्त करने का एक साधन है। जो माता-पिता द्वारा निष्पादित (एग्जिक्यूटेड) आवश्यक बच्चों के मताधिकार विधि निर्माण द्वारा स्थापित किया जाता है। माता-पिता प्रथमत: युवा एवं भावी माता-पिता एवं उनसे बहुत ही निकटता से जुड़े सामाजिक वर्ग भी (शिक्षक, डाक्टर्स-(चिकित्सक) एवं चाईल्ड केरगिवर्स) सुव्यवस्थित शैक्षिक प्रणाली एवं मीडिया में विस्तृत प्रबोधन द्वारा तथा वैश्विक व स्थानीय (प्रत्येक देश में) सामाजिक आंदोलनों के दबाव द्वारा भी बच्चों की प्राथमिकता एवं उनके मताधिकार की आवश्यकता की चेतना पाते हैं: "विश्व में बच्चों को प्राथमिक बनाना"। कृपया सेक्शन 10, पृ 10-8 विषय http://www.peacefromharmony.org/?cat=en_c&key=121, देखें। हमारे सुव्यवस्थित युग कैलण्डर के हाई - सोसाइटी संस्कृति की सुव्यवस्थित संस्कृति में बच्चों की प्राथमिक भूमिका-बच्चों से संबंधित अनेक प्रख्यात तिथियों द्वारा प्रतिबिंबित हुई है जो दानशीलता, सुरक्षा, प्राथमिकता, संचार, प्रतिज्ञा इत्यादि हैं। टेट्रासोशियोलॅजी की दृष्टि से यह कैलण्डर सामाजिक अस्तित्व (जीवन) की नयी गुणवत्ता व्यक्त करता है तथा यह क्षेत्रवर्गों एवं समाज में बच्चों की प्राथमिकता से उत्पन्न सुव्यवस्थित शान्ति का नया क्रम (न्यू आर्डर) है।

हमारा सुव्यवस्थित युगीन कैलण्डर एक सूचना संघ (हाई सोसाईटी) उपलब्ध कराने की दिशा में लोगों, धर्मों एवं सभ्यताओं को एकीकृत (जोड़ती) करती है। यह कैलण्डर ऐसे संघर्षपूर्ण आई.आर. संघों से सम्बद्ध कैलण्डरों का विकल्प है जो लोगों, धर्मों एवं सभ्यताओं को अलग करता है तथा मुकाबलों एवं संघर्षों में फँसनेवालों को अमर बनाता है। विगत दो हजार वर्षों के प्राचीन युग के कैलण्डर युद्ध एवं विजयों के स्मरणपत्रों (रिमईन्डर्स) से भरे पड़े हैं जब कि हमारा नया या सुव्यवस्थित युग "आनेवाली पीढ़ियों को एक युद्ध , आतंक, गरीबी एवं अपमान निवारण यथार्थपरक आशा की प्रतिज्ञा" करता है। युद्ध संबंधी संस्कृतियाँ एवं कैलण्डर अतीत में छोड़ दिए गये हैं। सामाजिक समन्वय की एक नयी संस्कृति, आदेश एवं कैलण्डरों ने उनका स्थान ले लिया है टेट्रासोशियोलॉजी समन्वय के एक सामाजिक आदेश के लिए मूलाधार देता है और उनको प्राप्त करने के लिए अपना ढाँचा, अपनी भूमिका, समय एवं शर्तों का वर्णन करता है। यदि, जैसा कि प्राचीन दार्शनिक

प्रोटागोरस ने 2500 वर्ष पहले माना कि मानव की माप वस्तुओं द्वारा की जाती है और वस्तुएँ मनुष्य की माप हैं दो टेट्रासोशियोलॉजी से हमें यह कहना होगा: "**यदि मानव की तुलना (मेश्ज़र) समन्वय बनती तो समन्वय मानव का** (वईस-वर्सा) **माप बनती है।** यदि यह माप (मेश्ज़र) एक हाई-सोसाईटी युग में प्रारंभ होकर साकार हो उठेगी तो वह सार्वत्रिक बहु-विमीय सूचनीय मनुष्य की माप (मेश्ज़र) बनता है। इस माप का एक महत्वपूर्ण प्रमाण है, सुव्यवस्थित युग कैलण्डर, जो हमारे भाषण में प्रस्तुत की गयी परियोजना है। टेट्रोसोशियोलॉजी इसके विविध शान्तिमय तिथियों को एक सम्पूर्ण सुव्यवस्थित स्थिति में एकीकृत करते हुए इस कैलण्डर के लिए एक पर्याप्त सामाजिक दर्शन प्रदान करता है।

भविष्य में मनुष्य जाति का इतिहास दो युगों में बाँटा जाएगा: सुव्यवस्थित युग (सु.यु. - एच.इ.) एवं पूर्व सुव्यवस्थित युग (पु.सु.यु. - बी.एच.इ) अथवा उसका इतिहास रहेगा ही नहीं। जैसा कि जॉन मैक्कोन्नेल ने लिखा था "यदि मनुष्य के आचरण में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं आता तो मानव इतिहास शीघ्र ही समाप्त हो जाएगा" (www.earthsite.org) टेट्रासोशियोलॉजी का सामाजिक दर्शन सूत्रीकरण करने में जो खोज की थी उसके आधार पर मुझे यह विश्वास हो गया कि ऐसा प्रधान परिवर्तन सामाजिक असामंजस्य के साथ हमारे पूर्वग्रहों से केवल रूपान्तरण (ट्रैन्सफर्मेशन) द्वारा ही सूचना युग में संभव हुए सामाजिक समन्वय के प्राकृतिक आर्डर (क्रम) को पूर्णत: आलिंगन (स्वीकार) करके ही हो सकता है।

संक्षेप में :

सुव्यवस्थित युगीन कैलण्डर ऐतिहासिक दृष्टि से एक अभूतपूर्व बहु-संस्कृतीय तथा शान्तिदायी परियोजना है जिसे नोबल पुरस्कार के लिए मनोनीत किया गया है। "स्वर्णिम युग" की तरह जो पूरे मानव इतिहास भर में लोगों का स्वप्न रहा सुव्यवस्थित युग कैलण्डर, सुव्यवस्थित शान्ति, संस्कृति एवं सूचना समाज के लिए सुव्यवस्थित विश्व आदेश (आर्डर) की प्रथम परियोजना है। यह हमारे बच्चों और उनके बच्चों तथा समस्त परवर्ती पीढ़ियों के लिए एक नया सानुकूल कालानुक्रम (क्रोनोलॉजी) भी प्रारम्भ करेगा। जो वैचारिकी (आइडियॉलोजिकल) दृष्टि एवं 'विश्व आान्दोलन की विश्वदृष्टि बनते हुए कैलण्डर के सुपरिणाम तो इसके पहले ही मिलने लगे जिन्हें हमे अपने व्हेब सईट में मई 2005 में प्रारम्भ किया। कैलण्डर, समन्वय का समर्थन करता है जो एक सूचना सोसाईटी की नयी संस्कृति को प्रेरित करते हुए सर्वोच्च नैतिक एवं सामाजिक आदर्श बनाता है तथा उसके लिए कायम रहने योग्य एवं चिर शान्ति विकास सुनिश्चित करता है।

सह लेखकों का संबोधन :

हम विश्व के उन समस्त नागरिकों को, जो बच्चों एवं अपने पोतो के भाग्य के बारे में चिन्तित हैं - युवकों के प्रति हमारे भाषण में शामिल होकर अपने हस्ताक्षर - जोड़ने एवं उसे बढ़ावा देने के लिए आमन्त्रित करते हैं।

हम -

1. सुव्यवस्थित युगीन कैलण्डर पर आधारित "सुव्यवस्थित शान्ति संस्कृति" नामक विशेषशैक्षिक विषय को विश्व के सभी विद्यालयों व विश्वविद्यालयों में प्रारम्भ करने के लिए;

2. संयुक्त राष्ट्र संघ में (यु.एन.ओ) सुव्यवस्थित शान्ति संस्कृति का अन्तरष्ट्रिीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव रखते

हैं। यह विश्वविद्यालय, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के लिए समुचित शिक्षाकों को तैयार करेगा तथा विश्व के प्रत्येक देश में इसी प्रकार के विश्वविद्यालयों के निर्माण हेतु प्रतिमान (नमूना) बनेगा। सुव्यवस्थित युग कैलण्डर, सब से पहले, एक ऐसी शैक्षिक परियोजना है जो बच्चों में नयी गुणवत्ता व शान्ति, शिक्षा, दक्षता उत्पन्न करेगा। कैलण्डर यह सुनिश्चित करेगा कि बच्चे समन्वय के सर्वत्रिक (यूनीवर्सल) मूल्य एवं चिरशान्ति उत्पन्न करेंगे जिसे मात्र बाल्यावस्था (बचपन) से ही सिखाया जा सकता है। चिर शान्ति ही केवल सुव्यवस्थित रहेगी और केवल उन लोगों के पास ही रहेगी जो जन्म से समन्वयपूर्वक (सुव्यवस्थित ढंग से) शिक्षित होते हैं।

- **हम** व्यवस्थित क्रम की पद्धति के लिए एक उचित व्यक्ति को चुनकर उनके द्वारा बच्चों में प्राथमिकता की शिक्षा प्रदान करना। इसकी सहायता लेने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय वेब साईट – "सामाजिक समन्वय एवं बच्चों की प्राथमिकता से शान्ति की एक नवीन संस्कृति" http://www.peacefromharmony.org यह स्थल विचारों के सानुकूल बीजों का संचयन तथा समस्त विश्व से सामाजिक समन्वय का व्यावहारिक साधन का प्रतिनिधित्व करता है। इस साईट ने फरवरी – 2005 से 32 देशों से 165 सह-लेखकों को एकीकृत किया है। उसके मैत्रीपूर्ण व रचनात्मक वातावरण में सुव्यवस्थित युगीन कैलण्डर एवं अन्य प्रधान परियोजनाएँ प्रकट हुईं अत: यदि आपके पास बच्चों के लिए सुव्यवस्थित शान्ति के विचार एवं सुव्यवस्थित शिक्षा की परियोजनाएँ उपलब्ध हों तो आप हमारी साईट में एक पृष्ठ को बना भी सकते हैं तथा उसके कार्य में भाग ले सकते हैं।

- **हमें पूरा विश्वास है** कि दो या तीन वर्षों में हमारे आधुनिक एडीशन और अनेक लेखकों, संस्कृतियों एवं भाषाओं को "सुव्यवस्थित युगीन कैलण्डर" पर एकीकृत करेगा। सम्मिलित होने के लिए कृपया डा. लियो-सेमाश्को को जो इसके व्यवस्थापक हैं, एक ई-मेल : leo44442006@yandex.ru पर भेज दें। धन्यवाद।

हमारी प्रबल आकांक्षा वर्ष के प्रत्येक दिन को स्मारणीय या प्रेरणास्पद तथा समन्वयात्मक शान्ति बढ़ाने वाले के रूप में बनाना है ताकि युद्ध, शत्रु शेष को विनाश कर सके।

अक्टूबर 6, 2006.